an>

title: Need to withdraw the condemning resolution passed by legislature of Ontario, Canada.

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब) : महोदया, आप जानती हैं कि सिक्ख धर्म के लोग सारी दुनिया में है और वर्ष 1984 में इनोसेंट सिक्खों की किलिंग हुई और बच्चों के गले में टायर डालकर जला दिया गया।...(व्यवधान) मैं वर्तमान गृह मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि इन्होंने एसआईटी का गठन किया और सीबीआई के केसिस में दोषियों को पकड़ा जा रहा है।...(व्यवधान) वाजपेयी जी ने, आडवाणी जी ने, चन्द्रशेखर जी ने भी इस घटना को जेनोसाइड कहा था, नरसंहार कहा था। हम ओनटारियो की असेम्बली को धन्यवाद कहना चाहते हैं, जिन्होंने इस घटना को जेनोसाइड डिक्लेयर किया।...(व्यवधान) मुझे इस बात का दुख है कि हमारी सरकार ने इसे रिजेक्ट कर दिया।...(व्यवधान) विदेश मंत्री जी सदन में मौजूद नहीं हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि विदेश मंत्रालय के स्पोक्सपर्सन ने जो स्टेटमेंट दी है, वह विदड्रा होनी चाहिए।...(व्यवधान) अभी खड़गे जी कह रहे थे कि सॉरी कहने से क्या फर्क पड़ता है। मैं कहना चाहता हूं कि इतने बड़े नरसंहार पर इन्होंने सॉरी भी नहीं कहा, इन्होंने अफसोस नहीं किया, इन्होनें कंडेम नहीं किया। हमारे जख्मों पर मरहम नहीं लगाई गई।...(व्यवधान) हमारे बच्चों के गलों में टायर डालकर उन्हें जला दिया गया और किसी ने सॉरी भी नहीं कही।...(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी से कहना चाहता हूँ कि क्या वह जनसंहार नहीं था, ...(व्यवधान) क्या वह इनोसेंट सिखों की किलिंग नहीं थी? ...(व्यवधान) उनके आरोपियों के विरुद्ध क्या ऐक्शन ली गयी और कौन-सा मुकदमा चलाया गया? ...(व्यवधान)

मैं माननीय गृह मंत्री जी से कहना चाहता हूँ कि इसे गंभीरता से लिया जाए। ...(व्यवधान) ओनटारियो रिजोल्यूशन को विदड्रा किया जाए, ...(व्यवधान) जिसे भारत सरकार के स्पोक्स पर्सन ने उसको रिजेक्ट किया है। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।